**भारत सरकार**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**
**वाणिज्य विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 306**

<u>दिनांक 02 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>

**भारत-आसियान व्यापार अवसंरचना के अंतर्गत कृषि-आधारित उत्पाद**

306. **मोहम्मद रकीबुल हुसैनः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने भारत-आसियान व्यापार अवसंरचना के अंतर्गत असम चाय और कृषि-आधारित उत्पादों के लिए नए बाजारों को चिन्हित किया है;

(ख) क्या पिछले दो वर्षों के दौरान बांग्लादेश, म्यांमार और भूटान के साथ द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि हुई है;

(ग) क्या कोई व्यापार बाधाएँ या संभार-तंत्र संबंधी चुनौतियाँ बनी हुई हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं; और

(घ) असम से सीमा पार व्यापार को सुदृढ करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) भारत-आसियान व्यापार ढांचे के तहत, असम चाय के साथ-साथ अन्य चाय संबंधी उत्पाद और कृषि आधारित उत्पादों का निर्यात आसियान देशों को किया जाता है। चाय और कृषि आधारित उत्पादों के निर्यात से संबंधित डेटा मंत्रालय की वेबसाइट https://www.commerce.gov.in/trade-statistics/ पर उपलब्ध हैं।

(ख) पिछले पांच वर्षों के बांग्लादेश, म्यांमार और भूटान के द्विपक्षीय व्यापार डेटा अनुबंध में संलग्न हैं।

(ग) तकनीकी और संभार-तंत्र संबंधी चुनौतियों सहित व्यापार से संबंधित मुद्दों और चुनौतियों का समाधान स्थापित द्विपक्षीय संस्थागत तंत्र के दौरान नियमित आदान-प्रदान के माध्यम से किया जाता है।

(घ) असम से सीमा पार व्यापार को सुदृढ़ करने और सुगम बनाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

- परिचालन संबंधी बाधाओं का शीघ्र समाधान करने के लिए सीमा शुल्क, डीजीएफटी, राज्य प्राधिकरणों, परिवहन विभागों और व्यापार निकायों सहित संबंधित सीमा एजेंसियों के साथ नियमित समन्वय बैठकें;
- भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों पर अवसंरचना और लॉजिस्टिक में सुधार के लिए भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण (एलपीएआई) और राज्य सरकारों के साथ निरंतर संपर्क;
- स्थानीय सुविधा समितियों के माध्यम से व्यापार प्रवाह की निगरानी और व्यवस्थित देरी का समाधान करना;
- तीव्र माल परिवहन सुनिश्चित करने के लिए जोखिम-आधारित मूल्यांकन और निकासी प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाना;
- व्यापार संबंधी मुद्दों के समाधान करने, अनुपालन को बढ़ावा देने और बाजार- संबंधी सुविधा उपायों का समर्थन करने के लिए आवधिक आउटरीच और हितधारक परामर्श।

*****

अनुबंध

दिनांक 02.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 306 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध पिछले 5 वर्षों का द्विपक्षीय व्यापार डेटा:

( मूल्य मिलियन अमेरिकी डॉलर में )

## बांग्लादेश

| वर्ष | भारत का निर्यात | भारत का आयात | कुल व्यापार |
|---|---|---|---|
| **2020-21** | 9,691.56 | 1,091.66 | 10,783.22 |
| **2021-22** | 16,156.37 | 1,977.93 | 18,134.30 |
| **2022-23** | 12,215.85 | 2,021.24 | 14,237.09 |
| **2023-24** | 11,065.87 | 1,844.76 | 12,910.63 |
| **2024-25** | 11,485.26 | 2,005.04 | 13,490.30 |

## भूटान

| वर्ष | भारत का निर्यात | भारत का आयात | कुल व्यापार |
|---|---|---|---|
| **2020-21** | 701.02 | 433.00 | 1,134.02 |
| **2021-22** | 885.81 | 545.04 | 1,430.84 |
| **2022-23** | 1,079.09 | 535.61 | 1,614.70 |
| **2023-24** | 963.73 | 339.11 | 1,302.84 |
| **2024-25** | 1,263.83 | 641.71 | 1,905.54 |

## म्यांमार

| वर्ष | भारत का निर्यात | भारत का आयात | कुल व्यापार |
|---|---|---|---|
| **2020-21** | 772.56 | 526.79 | 1,299.35 |
| **2021-22** | 893.03 | 1,001.87 | 1,894.90 |
| **2022-23** | 807.00 | 954.74 | 1,761.74 |
| **2023-24** | 670.37 | 1,075.65 | 1,746.02 |
| **2024-25** | 614.30 | 1,533.95 | 2,148.26 |

स्रोत: डीजीसीआईएस

***